## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्रामीणों ने चार पशु तस्कर पकड़ कर की धुनाई, जहर का इंजेक्शन लगाकर करते थे तस्करी

हाथरस (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिला में पशु तस्करों को ग्रामीणों ने पीट-पीट लहूलुहान कर दिया। पशु तस्करों को ग्रामीण ने पशुओं को चुराते हुए रंगे हाथो पकड़कर की लाठी डंडो से जमकर पिटाई कर दी। पशु तस्करों को पीटे जाने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तस्करों को अपनी हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी पशुओं को जहर का इंजेक्शन लगाकर बड़े पैमाने पर तस्करी करते थे।पुलिस आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

### इस सप्ताह के अंत तक भारी बारिश के आसार

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ व राज्य के अधिकांश जिलों में इस सप्ताह के अंत तक मानसून रफ्तार पकड़ लेगा और उसके बाद भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, हालांकि मंगलवार देर रात बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के दौरान रुक-रुककर हल्की बारिश होती रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, दिन में बादल छाए रहेंगे और तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की जाएगी। 27 जुलाई के बाद मानसून के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

### डीएम कार्यालय के बाहर किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

गाजियाबाद (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिला अधिकारी कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया। जब कर्ज में डूबे किसान ने परेशान होकर डीएम कार्यालय के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सतर्कता के चलते आत्मदाह का प्रयास विफल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मेरठ में मुठभेड़ : 10 हजार का इनामी बदमाश गोली लगने के बाद गिरफ्तार

गोरखपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में खाकी का खौफ लगातार जारी है। ताबड़तोड़ हो रहे एनकाउंटर से अपराधियों में खौफ तो इस कदर कायम हुआ है कि उनमें जमानतें निरस्त कराकर कोर्ट में सरेंडर करने की होड़ लग गई। अपराधियों में पुलिस का खौफ इस कदर व्याप्त हो गया है कि वह जेल से बाहर आने में भी घबरा रहे हैं। जो अपराधी जेल के बाहर हैं वो अंडरग्राउंड हो गए हैं।

### शाम को बेटे से हुआ झगड़ा रात्रि में पिता की मौत

मोतीगंज, गोंडा (आरएनएस)। थाना क्षेत्र के कहोबा पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव में बाप बेटे के झगड़े के बाद रात्रि में पिता की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोतीगंज के कहोबा अंतर्गत ग्राम खिरई में मंगलवार शाम को पिता पुत्र के बीच में झगड़ा हुआ और रात्रि में पिता की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार हीरामणि मिश्रा उम्र लगभग 65 वर्ष कि उसके बेटे मुन्ना से कुछ विवाद हो गया उसके बाद रात्रि लगभग 9:00 बजे हीरामन की मौत हो गई। इसकी सूचना मृतक के भतीजे ने डायल 100 को दी मौके पर पहुंची डायल 100 मौके पर पहुंची डायल 100 की टीम ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रियंवद मिश्रा को दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष तथा चैकी प्रभारी रामचंद्र गौतम मैं फोर्स मौके पर पहुंचे तो वहां देखा कि हीरामन की मौत हो चुकी थी।

### बूढ़े मां-बाप को कंधे पर बैठाकर कांवड़ यात्रा करा रहे चार भाई

हरिद्वार (आरएनएस)। हरियाणा निवासी चार भाई अपने बूढ़े मां बाप को कंधे पर बिठाकर कांवड़ यात्रा करा रहे हैं। लोगों को माता-पिता की सेवा के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। हरियाणा के पलवल जिले के औरंगाबाद गांव निवासी बंशी लाल, राजू, महेंद्र, जगपाल चारों भाई पिछले 24 वर्ष से कांवड़ यात्रा करते आ रहे हैं। इस बार वे पिता चंद्रपाल (78), माता रूपवती (65) को कंधे पर लेकर यात्रा करने निकले हैं।

### 11 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

हरिद्वार (आरएनएस)। कनखल थाना क्षेत्र के जगजीतपुर में एक युवक ने ग्यारह साल की बच्ची के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। आसपास के लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना बुधवार की सुबह दस बजे की है। बताया गया है कि 11 वर्षीय बच्ची घर पर अकेली थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक बच्ची के कमरे में घुस आया। परिजन बाहर गए हुए थे। आरोप है कि युवक ने छेड़छाड़ की तो बच्ची ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ को देख आरोपी युवक भागने के का प्रयास करने लगा। लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर लिया और उसकी जमकर पिटाई भी की। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को कनखल थाने ले आई। जहां उसके खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया।

# बारिश की वजह से नदियों में बढ़ रहा पानी का स्तर,गावों में बाढ़ का अलर्ट

हरिद्वार (आरएनएस)। पहाड़ तथा मैदान में बारिश शुरू होते से गंगा और इसकी सहायक नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। पानी अभी खतरे के निशान से नीचे है लेकिन प्रशासन ने गंगा व सोलानी से सटे 30 गावों को अलर्ट कर दिया है। साथ ही सभी चार बाढ़ राहत चौकियों को भी सतर्क कर दिया गया है।

पहाड़ी क्षेत्र में जुलाई के शुरुआत से ही अच्छी खासी बारिश हो रही है। एक हफ्ते से मैदानी क्षेत्र में भी बरसात शुरू हो गई है। पहाड़ और मैदान में बारिश के चलते गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। इसके साथ ही गंगा से जुड़ी इसकी सहायक



नदियां भी उफान पर हैं। गंगा में पानी का स्तर अभी खतरे के निशान से काफी नीचे ही है, फिर भी प्रशासन आपदा के संभावित खतरे को देखते हुए सतर्क हो गया है।

एसडीएम कौस्तुभ मिश्र ने बताया कि लक्सर तहसीलके जो गांव गंगा या सोलानी के तट के आसपास बसे हैं, उनमें आपदा से आबादी या फसलों को नुकसान हो सकता है।

इसे देखते हुए आपदा से बचाव और राहत की तैयारी कर ली गई है। सभी गांवों के जन प्रतिनिधियों को सतर्क रहने को कह दिया गया है। रायसी, भिक्कमपुर, गोवर्धनपुर व माड़ाबेला बाढ़ राहत चौकी के कर्मचारियों को भी 24 घंटे चौकी पर ही तैनात रहने को कहा गया है।

माड़ाबेला, दल्लावाला, जोगावाला, दाबकी खेड़ा, नाईवाला, आलमपुरा, याहियापुर, शेरपुर बेला, सहीपुर, हस्तमौली, चंदपुरी कलां, चंदपुरी खुर्द, प्रहलादपुर, बालावाली, डुमनपुरी, कलसिया, गिद्धावाली, नंदपुर, पोड़ोवाली, हबीबपुर कुड़ी, जसपुर रणजीतपुर, गंगदासपुर, बहादराबाद, महाराजपुर कलां, सोंपरी, पंडितपुरी, मथाना, मौहम्मदपुर, महाराजपुर खुर्द, रामपुर रायघटी।


प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। संवेदनशील गांवों की हर घंटे रिपोर्ट ली जा रही है। आपदा बचाव व राहत टीमें भी तैयार हैं।

## शिक्षामित्रों ने किया जोरदार प्रदर्शन

# पुरुष और महिलाओं ने कराया मुंडन, उतारा जनेऊ

लखनऊ (आरएनएस)। पिछले वर्षों से स्थाई नौकरी करने की मांग कर रहे प्रदेश भर से आये सैकड़ों की संख्या में शिक्षामित्रों ने बुधवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ आशियाना स्थित ईको गार्डन पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षामित्र आज का दिन काला दिवस के रूप में मना रहे हैं। विरोध में सैकड़ों शिक्षामित्रों ने मुंडन कराया है। मुंडन कराने वाले शिक्षामित्रों में महिलाएं भी शामिल हैं। इनका प्रदर्शन ईको गार्डन पार्क में चल रहा है। इसके लिए यह लोग आज विरोध में शव यात्रा निकालकर शहीद स्मारक तक ले जाएंगे और वहां हवन का कार्यक्रम भी होगा।

शिक्षामित्र आज सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बाबत सैंकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष शिक्षा मित्रों ने अपने बाल मुड़वा कर प्रदर्शन किया। शिक्षामित्रों का



ये प्रदर्शन इको गार्डन में चल रहा है। जहाँ महिलाओं ने अपने बालों का त्याग कर नौकरी में समायोजन की मांग सरकार से की।

आज राजधानी लखनऊ में शिक्षामित्रों का आक्रोश एक बार फिर देखने को मिला. काफी समय से स्थाई रोजगार की मांग कर रहे इन शिक्षामित्रों की मांगों पर सरकार द्वारा कोई कार्यवाई न होने से नाराज शिक्षामित्रों ने आज अपने बाल मुंडवा कर प्रदर्शन किया।

पुरुष शिक्षामित्रों ने उतारा जनेऊ सैकड़ों की संख्या में दूर दूर से आये शिक्षामित्रों ने इको गार्डन में एकत्र होकर प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। न केवल महिलाओं ने अपना मुंडन करवाया बल्कि पुरुष शिक्षामित्रों ने अपना जनेऊ उतार कर प्रदर्शन किया।

शिक्षामित्रों ने कहा कि रोजगार की बात करने वाले योगी सरकार को हमे जवाब देना पड़ेगा। महिला शिक्षामित्रों ने कहा कि हिंदुत्व और महिला सुरक्षा के लिए खुद को प्रतिबद्ध बताने वाली इस सरकार में सौभाग्यवती का आशीर्वाद देने वाले सीएम योगी महिला के सौभाग्य की निशानी की रक्षा नहीं कर पाए।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर (आरएनएस)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शलभ माथुर (आई. पी.एस.) के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर पूर्णरुप से अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खोराबार पुलिस द्वारा आज शिवशरन पुत्र छेदी निषाद निवासी मल्लाह टोला थाना खोराबार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। उसके ऊपर 25000/-रूपये का इनाम था और वह 14 जुलाई 2018 को हुई घटना जिसमें वन विभाग की लकड़ियां चोरी करने तथा वन विभाग के डिप्टी रेंजर के ऊपर गोली मारकर घायल करने के अभियोग में वांछित था। अभियुक्त एक शातिर अपराधी तथा वन माफिया है जिसके ऊपर हत्या जैसे जघन्य अपराध तथा वन विभाग की लकड़ियां चोरी करने के मुकदमें पंजीकृत है।



मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी है जिसका इलाज चल रहा है। घटना स्थल से अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उपरोक्त मुकदमें में पहले से ही 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## यह है हमारी सजग पुलिस

# बंदी ने सिपाही पर तानी राइफल, अपना सिर फोड़ा

मेरठ (आरएनएस)। जेल से रिमांड पर लाए गए जानलेवा हमले के आरोपित ने सकौती के जंगल में रास्ते में पड़ी ईट उठाकर अपने सिर में मार ली। इसके बाद एक सिपाही की राइफल छीन कर पुलिसकर्मियों पर तान दी। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने उसे काबू किया। कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे वापस जेल भेज दिया।



दौराला थाना क्षेत्र के सकौती गाव के जंगल में बीती 1 जून की शाम प्रणसिंह और उनके पुत्र प्रदीप पर खेत में ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने के विरोध में तमंचों से फायरिंग कर दी गई थी। जिसमें दोनों बाल-बाल बचे थे। प्रणसिंह के पुत्र शौकिन्द्र ने गाव के ही अमरदीप और उसके पिता जगरोशन के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। अमरदीप ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। बुधवार को पुलिस घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद करने के लिए उसे रिमांड पर लेकर आई थी। दारोगा संजय सिंह व जगवीर सिंह और सिपाही गौरव, सचिन, सुधीर और यशवीर उसे सकौती के जंगल में पहुंचे। जहां अचानक ही अमरदीप ने रास्ते में पड़ी ईट उठाकर अपने सिर में दे मारी। पुलिसकर्मी जब तक कुछ समझ पाते उसने सिपाही गौरव की राइफल छीन ली और पुलिसकर्मियों पर तान दी।

बमुश्किल पुलिसकर्मियों ने आरोपित पर काबू किया और तमंचा बरामद किए बिना उसे थाने ले आई।

## तूल पकड़ता जा रहा है छात्र और शिक्षकों के मध्य विवाद

# सपा प्रतिनिधि मण्डल ने दर्ज किये पीड़ित शिक्षकों के ब्यान

फिरोजाबाद (आरएनएस)। नगर के एस आर के कालेज में एबीवीपी पदाधिकारियों व शिक्षकों के मध्य हुआ विवाद तूल पकडता जा रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा मामले की जांच के लिये गठित की गई टीम ने बुधवार को विधालय पहुंचकर शिक्षकों के ब्यान दर्ज किये। टीम अब सपा अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेगी।

गौरतलब है कि शनिवार को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के पदाधिकारियों का नगर के एस आर के इण्टर कालेज में सदस्यता कैम्प लगाने को लेकर शिक्षक राजवीर सिंह यादव से विवाद हो गया था। विवाद ने तूल पकड लिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गयी। विधार्थी परिषद के पदाधिकारी बृजेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने शिक्षक राजवीर सिंह यादव, रवीश शर्मा व ओमप्रकाश ओझा के खिलाफ एससीएसटी एक्ट की धाराओं सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शिक्षकों को जेल भेज दिया था। मंगलवार को जेल में बंद शिक्षकों को न्यायालय से राहत मिली। न्यायालय ने इनके जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकर कर लिये। इधर मंगलवार को ही शिक्षक नेता जगवीर किशोर जैन ने भी कालेज पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने डीएम व एसएसपी से मिलकर अपना पक्ष रखा था। मुकदमा वापस ना होने पर उन्होंने पूरे मण्डल में 28 जुलाई को आन्दोलन की भी चेतावनी दी थी। बुधवार को जेल में बंद तीनों शिक्षक जमानत पर रिहा हो गये। इधर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा एमएलसी डॉ. दिलीप यादव व असीम यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर मामले की जांच कर रिपोर्ट मांगी थी। जिस पर बुधवार को टीम विधालय पहुंची और पीडित शिक्षकों के ब्यान दर्ज किये। टीम के अनुसार शिक्षक राजवीर सिंह ने बताया कि उनका छात्रों से विवाद हुआ था। हमारे साथ छात्रों ने अभद्रता की। हमें चोटे आयी।

# इण्टरनेट को लेकर आमजन परेशान


उरई (आरएनएस)। इण्टरनेट का बर्चस्व जैसे तैसे बढ़ता जा रहा है। वैसे बैसे ही इण्टरनेट ने लोगो को रूलाना शुरू कर दिया है। इस समय हालत यह है कि बीएसएनएल का इण्टरनेट लगभग एक सप्ताह से लोगों को रूला रहा है। जिससे सरकारी तथा गैर सरकारी सभी लोग परेशान हो रहे है। जानकारी मे बताते चले कि इस समय जनपद मे अगर देखा जाये तो लगभग अस्सी प्रतिशत लोग नेट का प्रयोग कर रहे है।

# बसपा के पूर्व विधायक दीनानाथ पांडेय ब्रेन हैमरेज के बाद निधन

गाजीपुर (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक दीनानाथ पांडेय का बुधवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पूर्व विधायक के निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गयी। दीनानाथ पांडेय की तबियत कुछ दिन पहले खराब हो गयी थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए वाराणसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका वाराणसी के निजी अस्पताल में आज प्रातः 10 बजे ब्रेन हैमरेज से निधन होने के बाद बसपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है।दीनानाथ पांडेय ने सैदपुर विधानसभा चुनाव में भाजपा के महेंद्र नाथ पांडेय को हराया था। ब्रेन हैमरेज के बाद पिछले 2 हफ्ते से वह अस्पताल में भर्ती थे।

# घर से भी करा सकते हैं मोबाइल को आधार से लिंक

भोपाल (आरएनएस)। सरकार ने मोबाइल नंबर को आधार से लिंक कराने की अवधि को बढ़ा दिया है। अब सरकार ने 15 आसान स्टेप जारी किये हैं, जिनेक माध्यम से लिंक करा सकते हैं। इसके लिये उपभोक्ता को 14546 नंबर डायल करना है। मोबाइल-आधार लिंकिंग को आसान बनाने के लिये इंटरेक्टिव वॉइस रिस्पॉन्स (आईवीआर) सर्विस के लिये यह नंबर लॉन्च भी किया है। उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड नंबर ने 14546 पर कॉल करें। ध्यान रहे वही नंबर, जो उसके आधार कार्ड से लिंक हो। आईवीआर उपभोक्ता के भारतीय राष्ट्रीयता




या एनआरआई होने की जानकारी मांगेगा। सही विकल्प का चुनाव करें। भारतीय नागरिकों को एक प्रेस करना होगा, जबकि एनआरआई 2 प्रेस करें। इसके बाद मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर को आधार कार्ड नंबर को साझा करने की सहमति मांगी जायेगी। अपनी सहमति के लिये एक का विकल्प चुनें। इतना करने के बाद उपभोक्ता को 12 डिजिट वाला आधार नंबर शेयर करना होगा। आईवीआर उपभोक्ता को आधार नंबर को रिपीट करना होगा। पुष्टि के लिये एक दबायें और रि-एंटर करने के लिये 2 दबायें। अगर नंबर सही है, तो उपभोक्ता एक एंटर कर ओटीपी जनरेट कर सकते हैं। आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर पर उपभोक्ता को ओटीपी मिलेगा। आधार-री-वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिये 6 डिजिट वाला ओटीपी एंटर करें। उपभोक्ता से आधार नंबर से लिंक होने वाले मोबाइल नंबरों के बारे में पूछा जायेगा। जिन यूजर्स के पास आधार कार्ड से लिंक करने के लिये एक से ज्यादा मोबाइल नंबर हैं, उन्हें 2 दबाना होगा। एक बार फिर उपभोक्ता के पास ओटीपी आयेगा। टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर के साथ अपना आधार नंबर साझा कर, उपभोक्ता को कंपनी के साथ अपना नाम, जेंडर, एड्रेस और जन्मतिथि जैसी जानकारियां साझा करनी होंगी। आधार कार्ड के साथ मोबाइल नंबर को री-वेरिफाई करने के लिये यहां उपभोक्ता के हस्ताक्षर का काम ओटीपी करेगा।